भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 150

जिसका उत्तर 14.09.2020 को दिया जाना है

राजस्थान में पाली से पालनपुर तक टोल सड़क का निर्माण

150 श्री नीरज डांगी:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा राजस्थान में पाली ज़िले से पालनपुर तक टोल सड़क का निर्माण करने हेतु किस फर्म को प्राधिकृत किया गया है;

(ख) क्या यह सच है कि केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान (सीआरआरआई) द्वारा एनएचएआई द्वारा निर्मित राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच)-62 की गुणवत्त में गिरावट की जांच करवाई गई है; और

(ग) यदि हा, तो जाँच रिपोर्ट का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क): मैसर्स बिवाड़-पाली-पिंडवाड़ा टोलवे लिमिटेड (पूर्व के मैसर्स एल एंड टी बीपीपी टोलवे लिमिटेड) ने बिवाड़-पाली-पिंडवाड़ा खंड के 4-लेन का निर्माण किया था।

(ख) और (ग): जी, हां। राष्ट्रीय राजमार्ग-62 के निर्माण की गुणवत्ता के बारे में विस्तृत जांच को एनएचएआई द्वारा केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान (सीआरआरआई) को सौंपा गया था। सीआरआरआई ने इस खंड पर विस्तृत जांच की और पाया कि काफी लंबे खंड के पेवमेंट पर पोटहोल्स, स्ट्रिपिंग, रवेलिंग, रटिंग, क्रैक्स के साथ-साथ सेटलमेंट विकसित हो गए हैं। तदनुसार, सीआरआरआई ने जीर्णता के परिमाण के आधार पर बिटुमिनस/सतह परत पर पुन: परत डालने और सूक्ष्म सतहीकरण का परामर्श दिया है। रियायतग्राही ने सीआरआरआई द्वारा परामर्शित सभी प्रशोधन कार्य को पूरा कर लिया है।

*****